# कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

सत्यमेव जयते

Web Copy - Not Official

श्री कमल कान्त शर्मा निवासी– 195/23 राणा सांगा मार्ग, प्रताप नगर, जयपुर 302033

वनाम

लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा

अपील संख्या 01 /2026

## निर्णय

दिनांक 19.01.2026

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा को पत्र कमांक: डीएम/कोर्ट/2026/13 दिनांक 05.01.2026 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना अविलंब उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा ने पत्र कमांक: आरटीआई/2026/28 दिनांक 08.01.2026 के द्वारा अवगत कराया है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना सर्तकता शाखा कलैक्ट्रेट दौसा व मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद दौसा व उप निदेशक, महिला एवं बाल विकास विभाग दौसा से संबंधित है। सतर्कता शाखा कलैक्ट्रेट दौसा से प्राप्त सूचना अपीलांट को जरिये पत्र कमांक:1009 दिनांक 17.11.2025 के द्वारा उपलब्ध कराई जा चुकी है। शेष सूचना मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद दौसा व उप निदेशक, महिला एवं बाल विकास विभाग दौसा द्वारा सीधे ही अपीलांट को दे दी थी। उक्त पत्रादि की प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध करा दी गई है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

(देवेन्द्र कुमार)
जिला कलक्टर, दौसा

Signature Not Verified

Digitally signed by Devendra Kumar
Date: 2026.02.20 10:32:30 IST
Reason: SelfAttested

दौसा